## खबर संक्षेप

### कातिलाना हमला करने पर महिला सहित 3 गिरफ्तार

**बड़वारा।** जानलेवा हमला करने की घटना पर पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को ग्राम नन्हवारा सेझा निवासी फरियादी अमृत कोल पिता मोतीलाल कोल 45 वर्ष पर गांव के ही छोटा कोल, अंशुल कोल, गनी कोल और लाला बाई कोल ने लाठी, डंडा और लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। इस हमले में फरियादी गंभीर रूप से घायल हुआ था।इस घटना पर थाना बड़वारा में अप. क्र. 393/2025 धारा 296, 109(1), 3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार थे। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 3 नवंबर 2025 को आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में छोटा उर्फ अविनाश कोल पिता लालाराम कोल 31 वर्ष, अंशुल कोल पिता लालाराम कोल 24 वर्ष और लाला बाई कोल पति लालाराम कोल 55 वर्ष शामिल हैं। तीनों आरोपी ग्राम नन्हवारा सेझा के निवासी हैं। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### अनुपस्थित सचिवों पर सख्ती, चेतावनी पत्र जारी

**उमरियापान।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में संलग्न पंचायत सचिवों द्वारा कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले सात पंचायत सचिवों को चेतावनी पत्र जारी किया है। जानकारी के अनुसार लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण निलंबित पंचायत सचिव बशरूलहक मंसूरी, लखन बागरी, संदीप अग्रहरि, रामदयाल पटेल और वीरू पाण्डेय को जनपद पंचायत कार्यालय में अटैच किया गया है। वहीं सचिव विनोद बागरी और ब्रजेश गौतम को भी जनपद स्तर पर संलग्न किया गया है। इन सभी सातों पंचायत सचिवों द्वारा जनपद कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है। उपस्थिति रजिस्टर में इनके हस्ताक्षर भी नहीं पाए गए। इस पर जनपद सीईओ ने नाराजगी जताते हुए सभी सचिवों को निर्देश दिया है कि वे तत्काल कार्यालय में प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करें। जारी पत्र में सीईओ ने कहा कि यदि कोई भी सचिव अनुपस्थित पाया जाता है तो उसे जीवन निर्वाह भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिख मुआवजा दिलाने की रखी मांग

**उमरियापान।** बेमौसम बारिश से उमरियापान ढीमरखेड़ा क्षेत्र में धान की फसल बर्बाद हो गई है। खेतों में पककर खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों की पीड़ा पर समाचार का प्रकाशन किया। खबर पर संज्ञान लेते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने फसल नुकसान होने पर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। विधायक ने इस संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी को पत्र लिखकर कहा है कि बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में लगातार हुई बारिश के कारण धान की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई किसानों की फसल पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द सर्वे कराकर किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए।

### आयुक्त ने जताई नाराजगी

**कटनी।** निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा स्वनिधी योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की जानकारी चाहे जानें पर सिटी मिशन मैनेजर द्वारा बताया गया कि अब तक प्राप्त 225 आवेदनों में 111 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है। निगमायुक्त द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की जकार निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बाजार क्षेत्र में हितग्राहियों से रोजाना संपर्क कर योजना की जानकारी से उन्हे अवगत कराकर उन्हें लाभान्वित करने की हिदायत दी गई।

---

### बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों एवं स्टाफ की कमी से बैरंग लौट रहे मरीज

# एक डॉक्टर के भरोसे 192 गाँवों की आबादी, लड़खड़ाई स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणजनों को सहज, सुलभ एवं सस्ती चिकित्सा सुविधा मुहैया हो सके इसके लिए सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रूपए खर्च कर अस्पताल भवनों का निर्माण करा दिया जाता है, आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध करा दिया जाता है लेकिन मरीजों को उपचार सुविधा मिल सके इसके लिए इंतजाम नहीं किये जा रहे है जिससे अस्पताल भवन एवं संसाधन महज दिखावा ही साबित हो रहे हैं। बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। विकासखण्ड के 192 गांव के लोग है लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी से ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही डॉक्टर है वो भी बीएमओ का प्रभार संभाल रहे है जिससे उनका अधिकांश समय बैठकों, सरकारी जानकारियां भेजने और अन्य दूसरे कामों में चला जाता है जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं। चिकित्सकों की कमी एवं समय पर नहीं मिलने के चलते मरीजों को मजबूरन अपना इलाज अनाधिकृत डॉक्टरो से कराना पड़ता है। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की कमी होने की जानकारी के बाद भी विभागीय अधिकारी और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं से यहां पहुंचने वाले मरीजों को महरूम होना पड़ता है।




ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर नहीं मिलने की वजह से उन्हें कई किमी का सफर तय कर जिला अस्पताल पहुंचना पड़ता है। आपात स्थितियों एवं गंभीर बीमारियों में समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होने के चलते कई बार मरीजों को अपनी जान गंवानी पड़ जाती है। आर्थिक रूप से सक्षम लोग तो निजी अस्पतालों में इलाज करा लेते हैं लेकिन कमजोर तबके के लोगों की फजीहत होती है। जिला मुख्यालय का सफर तय करने में आर्थिक एवं समय दोनों की बर्बादी होती है जिससे उन्हें मजबूरी में स्थानीय या आसपास अनाधिकृत डॉक्टरों से ही इलाज कराना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। हालांकि वर्तमान में कुछ बांड डॉक्टर आये है जो अपनी सेवाएं दे रहे है।

#### डॉक्टरों सहित अनेक पद पड़े खाली

जानकारी के तहत बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 पद विशेषज्ञ ,3 पद डॉक्टर के पद रिक्त है जिन पर पदस्थापना नहीं कराई जा रही जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित है। वही लैब टेक्नीशियन, एक्सरे टैकनीशियन व ड्रेसर का 1 पद खाली है। इन पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है।

#### इनका कहना है

बीएमओ बहोरीबन्द डॉ आनंद अहिरवार का कहना है कि यह बात सही है कि बहोरीबन्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य अमले की कमी है। रिक्त पड़े पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई है लेकिन अभी तक रिक्त पदों की पूर्ति नही हुई जिस कारण जो स्वास्थ्य अमला है उसी से स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराया जा रहा है।

---

## करंट से युवक की मौत पर खेत मालिक को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

खेत में करंट से हुई एक युवक की मौत पर पुलिस ने जांच उपरांत खेत मालिक को दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 23.10.2025 को फूल सिंह पिता रामनरेश सिंह राजपूत 40 साल निवासी सुनहरा सुबह करीब 08 बजे अनुराग पटेल की खेत की मेड़ के पास बिजली करंट लग गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी। सूचना पर पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस कायम की जाकर जांच की गई। जांच में आरोपी अनुराग पटेल निवासी अमाड़ी द्वारा अपने खेत में जीआई की नंगी तार लगाने से फूल सिंह राजपूत को करंट लगने से फूल सिंह की मृत्यु हो गयी थी जिससे खेत के मालिक



अनुराग पटेल के विरुद्ध धारा 105 बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पता तलास की जाकर 03.11.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र कुमार चढ़ार, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक बृजलाल प्रजापति एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्य कमलेश निषाद की भूमिका रही।

### वृद्ध महिला से 75 हजार रूपए की स्मैक जब्त

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को भ्रमण के दौरान रेल्वे ग्राउण्ड के पास खड़ी एक महिला से स्मैक जब्त की। आरोपित कुसुम बाई निषाद 60 वर्ष निवासी खिरहनी फाटक का पर्स जांच करने पर स्मैक बरामद की गई जिसकी मात्रा 7.45 ग्राम पाई गई जिसका बाजार मूल्य करीब 75000 रू है। आरोपिया के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस का कायम कर जे.आर. पर न्यायालय पेश किया गया है। कुसुम बाई निषाद एक आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध पूर्व में भी अवैध मादक पदार्थ गांजा, स्मैक एवं शराब के प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए हैं। आरोपिया के विरूद्ध 15 प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए है।

---

*परिवहन विभाग ने कटनी उमरिया व जबलपुर मार्ग में चलाया जांच अभियान*

## कार्यवाही : नियमों का उल्लंघन करने पर 2 यात्री सहित तीन स्कूल बसें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बिना परमिट, फिटनेस तथा लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टभर श्री आशीष तिवारी द्वारा समय-सीमा बैठक में दिये गये निर्देश के पालन में मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा कटनी–उमरिया एवं कटनी–जबलपुर मार्ग पर वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्री एवं स्कूल बसों की जांच की गईतथा नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 2 यात्री बसें एवं 3 स्कूल बसें जब्त की गईं।

जांच के दौरान, यात्री बस क्रमांक एमपी 09एफए 4533 बिना परमिट संचालित होती पाई गई।





वाहन को जब्त कर थाना कुठियाला में रखा गया।इसी प्रकार बस क्रमांक एमपी 13जेडएन 2724 बिना परमिट एवं बिना बीमा के पाई गई। वाहन को जब्त कर थाना स्लीमनाबाद में रखा गया।वहीं स्कूल बस क्रमांक एमपी 21पी 0392 में पैनिक बटन एवं अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया, जिसके चलते वाहन की फिटनेस निरस्त की गई एवं थाना स्लीमनाबाद में रखा गया। इसके अलावा स्कूल बस क्रमांक एमपी 21पी 0356 बिना बीमा एवं बिना पीयूसी प्रमाणपत्र के बच्चों को लेकर संचालित होती पाई गई। वाहन को थाना स्लीमनाबाद में जब्ता किया गया।बस क्रमांक एमपी 21पी 0247 में भी पैनिक बटन एवं अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। वाहन की फिटनेस निरस्त कर इसे परिवहन कार्यालय कटनी में रखा गया।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नेबताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। नियमों का पालन न करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ-साथ परमिट निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी की जाएगी।

---

### महापौर ने मेला आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा



नगर में कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाला ऐतिहासिक मेला श्री बजरंग कटाये घाट मेला के आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायज़ा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार शाम एमआईसी सदस्यों, पार्षदों व निगम अधिकारियों के साथ मेला आयोजन स्थल कटाये घाट पहुंचकर लिया। महापौर श्रीमती सूरी संपूर्ण मेला स्थल का निरीक्षण कर मेला को स्वच्छ,आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने हेतु आवश्यक तैयारियों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने श्री बजरंग कटाये घाट मेला पहुँच मार्ग सहित आस–पास के क्षेत्र को समतलीकरण करने के साथ ही मेला में प्रतिदिन आयोजित होने कार्यक्रमों के दौरान सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त रखते हुए,मेले में लगने वाली सभी दुकानों को व्यवस्थित कराते हुए मेला प्रांगण में आने वाले नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही मेला परिसर एवं पहुँच मार्गों में पर्याप्त साफ–सफाई,आवारा मवेशियों के नियंत्रण सहित कीटनाशक छिड़काव,पेयजल,प्रकाश व्यवस्था,छात्र–छात्राओं हेतु चेंजिंग रूम सहित चलित शौचालय आदि की व्यवस्था करने निर्देश दिये

---

## ट्रेन में अंग्रेजी शराब की तस्करी करने पर 2 युवतियों को संयुक्त टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**एक युवती गोविंदगढ़ तो दूसरी रीवा क्षेत्र की है रहने वाली**

कटनी से खरीदी गई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रीवा की दो युवतियों के जरिए ट्रेन से तस्करी की जा रही थी। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और जीआरपी (GRP) की संयुक्त टीम ने मझगवां स्टेशन पर छापेमारी कर दोनों युवतियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 175 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 36,750 रुपए बताई गई है। यह कार्रवाई आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र यादव और जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राय के नेतृत्व में की गई। टीम ने राजस्थान के सोगरिया से बिहार के दानापुर जा रही एक स्पेशल ट्रेन के एसी-2 कोच (H-1) में जांच की। जांच के दौरान बर्थ नंबर 8 और 9 पर बैठी दो युवतियों के बैग से शराब की बोतलें मिलीं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि शराब की यह खेप कटनी से खरीदी गई थी। उन्होंने बताया कि उन्हें यह माल कटनी में ही सप्लाई किया गया था और इसे प्रयागराज तक पहुंचाना था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह नेटवर्क कटनी और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय शराब तस्करों से जुड़ा हो सकता है। गिरफ्तार युवतियों की उम्र 23 और 24 वर्ष है। एक युवती रीवा शहर की निवासी है जबकि दूसरी गोविंदगढ़ क्षेत्र की रहने वाली है। रेलमार्ग से शराब तस्करी की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद और आरपीएफ कमांडेंट मुनव्वर खान ने पूरे रूट पर सघन जांच के निर्देश दिए थे।

दोनों युवतियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें 5-5 हजार रुपए के मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस अब कटनी में सक्रिय शराब सप्लायरों और इस रैकेट के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

---

*महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में दी गई जानकारी*

## वक्ताओं ने छात्रों के चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अंतर्गत एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तहत चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सरिता पांडे के अध्यक्षता मंगलवार को किया गया। वेबीनार में पंजाब विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त शोध अधिष्ठाता डॉ सुधीर कुमार आचार्य अंग्रेजी विभाग चंडीगढ़ के द्वारा बी व्यक्ति बीज व्याख्यान दिया गया। प्राचार्य डॉक्टर सरिता पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह संगोष्ठी आभासी माध्यम से आयोजित की गई। डॉ किरण



खरादी के द्वारा प्रथम मुख्य वक्ता का परिचय दिया गया।द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ बी एन त्रिपाठी विभाग अध्यक्ष भूगोल शासकीय मां कुंवर बाई स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर रहे। सहज विषय को अत्यंत ही प्रभावपूर्ण तरीके से दोनों ही वक्ताओं ने अपने ओजपूर्ण चरित्र की अवधारणा एवं व्यक्तित्व निर्माण पर जो व्याख्यान दिया तथा पश्चिमी एवं भारतीय दृष्टिकोण को स्पष्ट किया वह भावी पीढ़ी को और हम सभी को बहुत ही ज्ञानवर्धक लगा। कश्मीरी साहित्यकारों का उदाहरण देकर जो चरित्र निर्माण की व्याख्या दोनों ही विद्वत जनों ने की निश्चित तौर पर वह शोधार्थियों शिक्षकों एवं भावी पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। साथ ही उन्होंने आधुनिक युग की चुनौतियों का जिक्र भी परंपरा और आधुनिकता को परिभाषित करते हुए वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के विविध पहलुओं पर भी दोनों ही वक्ताओं ने प्रकाश डाला।प्राचार्य डॉ सरिता पांडे ने दोनों ही वक्ताओं का स्वागत आभासी माध्यम से किया और दोनों ही वक्ताओं को संगोष्ठी में जोड़ने हेतु साधुवाद दिया। महाविद्यालय के सभी शिक्षक सहकर्मी एवं छात्र-छात्राएं सभी इस कार्यक्रम से सब जुड़े और कार्यक्रम को बहुत ही बढ़िया बताया। अतिथि विद्वान गणित के द्वारा दोनों ही वक्ताओं का आभार प्रदर्शन किया गया। संगोष्ठी को सफल बनाने में महाविद्यालय की टीम का विशेष सहयोग रहा।

---

### योजनाओं, विकास कार्यो एवं महत्वपूर्ण पत्रों की समीक्षा कर दिए निर्देश

## लक्ष्य अनुसार करें राजस्व वसूली, कोताही पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगम प्रशासन के माध्यम से संचालित होने वाली विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यो के साथ ही प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण पत्रों पर समय से कार्यवाही कर शासन की योजनाओं से एवं विकास कार्यो से नागरिकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नवाचार करते हुए मंगलवार को नगर निगम में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवास को पूर्ण करने की कार्यवाही की समीक्षा की। इस दौरान नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल ने बताया कि इस



सप्ताह 10 अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने की कार्यवाही की गई है। जिसपर निगमायुक्त द्वारा नवम्बर माह में 50 आवासों को पूर्ण कराने के साथ ही एक सप्ताह में डेथ प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। वहीं योजना के तहत हितग्राहियों से बकाया राशि की वसूली की प्रगति की जानकारी गठित दल से लेते हुए माह के अंत तक शेष वसूली पूर्ण कराने के निर्देश राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक और नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल को दिए। इस दौरान स्थल पर किये जा रहे विद्युतीकरण कार्य की जानकारी चाहे जाने पर उपयंत्री मोना करेरा द्वारा बताया गया कि 44 पोल लगाये जा चुके है। जिसपर निगमायुक्त द्वारा पोल लगाने की कार्यवाही को शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए 20 दिसंबर के पश्चात अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान दैनिक लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं पाए जानें पर निर्देशित किया कि लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं होने पर वसूली का लक्ष्य दिन-प्रतिदिन बढ़ता जाएगा। अतः राजस्व विभाग इस कार्य को प्राथमिकता से करते हुए डिमांड वितरण का कार्य आगामी लोक अदालत के पूर्व पूर्ण करानें के निर्देश देते हुए उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता को राजस्व वसूली की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें निर्देशित किया कि राजस्व वसूली हेतु जाने वाली निगम की टीम जलकर की वसूली के साथ नागरिकों को ई-के.वाई.सी करानें हेतु भी प्रेरित करे। नगर के बड़े बकायादारों को समय प्रदान करते हुए बकाया करों की वसूली हेतु दल का गठन करें तथा नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ करें। इस दौरान निगम स्वामित्व की दुकानों के बकायेदारों पर तालाबंदी की कार्यवाही सहित नल- विच्छेदन की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश निगमायुक्त नें अधिकारियों को देते हुए कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें हाईटेक फायर स्टेशन के निर्माण हेतु नगर में 3.5 एकड़ की शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि पूर्व में फायर स्टेशन के निर्माण हेतु पुरैनी मे स्थल का चयन किया जाकर भूमि आवंटन की डिमांड की गई है।

---

## नहर में डूबने से युवक की मौत, मशक्कत से बाहर निकाला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरिया पान थाना क्षेत्र अंतर्गत भानपुरा में मंगलवार को नहर में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सिहुडी निवासी वैभव त्रिपाठी (31) गहरे पानी में चले गए थे। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और बचाव दल ने घंटों की मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, वैभव त्रिपाठी मंगलवार को भानपुरा स्थित नहर में नहा रहे थे। इसी दौरान, वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें डूबते देख शोर मचाया। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों को घटना की सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि नहर में पानी का बहाव काफी तेज था, जिसके कारण वैभव की



खोजबीन और बचाव कार्य में काफी कठिनाई हुई। स्थानीय लोगों और बचाव दल ने कोशिश कर घंटों की मशक्कत के बाद उनके शव को नहर से बाहर निकाला। नहर से बाहर निकालने के बाद युवक को तुरंत पान उमरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमरिया पान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि इस संबंध में मर्ग कायम कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### बाबा घाट हनुमान मंदिर में दीप महोत्सव आज

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गायत्री नगर स्थित श्री बाबा घाट हनुमान मंदिर में भव्य दीप महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बुधवार 5 नवम्बर को श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में संपन्न होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:00 बजे से भजन संध्या के साथ किया जाएगा, जिसमें भक्ति संगीत की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। इसके पश्चात शाम 6:30 बजे से दीप प्रज्वलन, महा आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।बाबा घाट ट्रस्ट कमेटी एवं समस्त भक्तगणों ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार व मित्रों सहित समय पर पहुंचकर इस पावन अवसर पर उपस्थित हों और दीप महोत्सव के पुण्य लाभ का अनुभव करें।दीपों की रौशनी और भक्ति की लहरों से सजे इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और भक्तों से इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 23 जनवरी 2026 को होगें सामूहिक विवाह

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह संशोधित योजना 2022 योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन 23 जनवरी 2026 को नगर पालिक निगम, कटनी परिसर में किया जायेगा। योजना प्रभारी नगर निगम कटनी ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हो साथ ही उनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य है। योजनांर्तगत विवाह के लिए हितग्राही नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजो सहित 9 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से आवेदन जमा करें। उन्होंने बताया कि विवाह के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र, वधु की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। इसके लिए आवेदन के साथ वर-वधु के आयु संबंधी दस्तावेज, दोनों की समग्र आई.डी. साथ ही समग्र आई.डी. में आधार नंबर Ekyc, वधु का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, वर-वधु की फोटो, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं निगम क्षेत्र का होना अनिवार्य किया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य पर सिद्धार्थ गौतम को किया सम्मानित



**ढीमरखेड़ा।** सिद्धार्थ गौतम को गत दिवस मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया। यह सम्मान श्री गौतम को गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर सरकारी नौकरियों और बड़े पदों पर पहुंचने को लेकर दिया गया। आपको बता दें कि सिद्धार्थ गौतम का पैतृक ग्राम ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र का तिलमन ग्राम है। तहसील क्षेत्र के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा अध्ययन कराने का कार्य बीते कई वर्षों से चालू हैं 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम आने के बाद बच्चों को भविष्य में क्या पढ़ाई करनी चाहिए कैसे करनी चाहिए उसके संबंध में गांव गांव जाकर समझाइश दी जा रही है।

### सिलौंडी चौकी को मिली डायल 112 वाहन सुविधा

**सिलौंडी।** चौकी में वाहन ना होने की कमी की खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसमें कटनी एसपी ने थाना प्रभारी अभिषेक चोबे और सिलौंडी चौकी विष्णु शंकर जायसवाल से प्रस्ताव भेज का निर्देश दिया। थाना प्रभारी अभिषेक चोबे के मार्गदर्शन में सिलौंडी चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने तुरंत ही चौकी क्षेत्र में घटना स्थल में पहुंचने और 37 गांव के लोगों की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था की जानकारी देते हुए चौकी में एक वाहन की मांग की थी ।जिसमें भोपाल स्तर से समीक्षा होकर सिलौंडी चौकी एक डायल 112 वाहन दिया है । डायल 112 वाहन मिलने से पुलिस को अपराधी तक पहुंचने में देरी नही होगी सिलौंडी क्षेत्र के कछार गांव बड़ा, दशरमन , नेगाई,पाली सहित आस पास को अच्छी सुविधा होगी।

## सिंधी समाज द्वारा निकाला गया जुलूस, दुकानें बंद कर जताया गया विरोध

# आराध्य पर अमर्यादित टिप्पणी से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





सिंधी समाज के आराध्य देव पर रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूरे सिंधी समाज में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में समाज द्वारा दिलबहार चौक से मिशन चौक तक एक विशाल मौन जुलूस निकाला गया। सुबह साढ़े 11 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें समाज के वरिष्ठजन, व्यापारी, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज के लोग हाथों में तख्तियां लिए "भगवान झूलेलाल की जय", "आस्था का अपमान अब और नहीं", "न्याय चाहिए, शांति चाहिए" जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े।

जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर रायपुर अमित बघेल की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी न केवल धार्मिक आस्थाओं का अपमान है, बल्कि समाज की भावनाओं को भड़काने और आपसी सौहार्द बिगाड़ने की साजिश भी है। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो विरोध प्रदेशव्यापी स्वरूप लेगा। सभा में वक्ताओं ने कहा कि "आज सवाल केवल एक समाज या एक आराध्य का नहीं, बल्कि देश की उस मर्यादा का है जो हर धर्म, हर आस्था की गरिमा को सम्मान देती है। यह आग केवल शब्दों से नहीं बुझेगी, बल्कि न्याय से बुझेगी।"

रविवार को आयोजित आमसभा में समाज ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद मंगलवार को पूरे शहर में प्रतीकात्मक बंद और मौन जुलूस आयोजित किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह आंदोलन गैरराजनैतिक है और इसका उद्देश्य किसी को नीचा दिखाना नहीं, बल्कि यह संदेश देना है कि "आस्था पर आघात अब असहनीय है, और धर्म का अपमान करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।" संदेश साफ़ है श्रद्धा की रेखा लांघने वालों को समाज नहीं करेगा क्षमा, न्याय ही अब आस्था का उत्तर है। समाज का यह स्वर अब केवल कटनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे प्रदेश में यह चेतावनी बनकर गूंज रहा है "आस्था की मर्यादा के साथ खिलवाड़ करने वालों को अब समाज माफ नहीं करेगा।

जुलूस के दौरान शहर के सिंधी बहुल क्षेत्रों माधवनगर, दिलबहार और मिशन चौक के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे तक बंद रखें। कई सामाजिक संगठनों ने भी एकजुटता दिखाते हुए सिंधी समाज के समर्थन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विरोध के पश्चात समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अमित बघेल की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। जुलूस में कटनी सिंधी सेंट्रल पंचायत, माधवनगर सिंधी सेंट्रल पंचायत, शांति नगर सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधु नवयुवक मंडल, सिंधु सेवा समिति, सिंधु युवा संघर्ष समिति, वरुण संस्था कटनी टेंट लाइट एसोसिएशन अखिल भारतीय मारवाड़ी समाज जिला अग्रवाल समाज कटनी सहित सभी पदाधिकारी और सदस्य एकजुट दिखे। जनप्रतिनिधियों ने भी समाज के साथ कदम मिलाकर भागीदारी निभाई।



## अग्रसेन महाराज पर टिप्पणी से बढ़ा आक्रोश कार्यवाही करने मारवाडी समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल द्वारा आराध्य देव अग्रसेन जी महाराज एवं मारवाड़ी समाज के प्रति की गई अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणी के विरोध मे आज महामहिम राज्यपाल महोदय एवं मुख्यमंत्री को कलेक्टर कटनी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। सौंपे गए ज्ञापन मे कहा गया की कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य में क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल द्वारा हमारे आराध्य भगवान श्री अग्रसेन महाराज तथा मारवाड़ी समाज के संबंध में अपमानजनक एवं अभद्र टिप्पणी की गई है जो सभ्य समाज में ग्रहण करने योग्य नहीं है,इस प्रकार की टिप्पणी न केवल सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है साथ ही समाज की एकता, मर्यादा, और सद्भावना पर सीधा प्रहार है जिस कारण संपूर्ण मारवाड़ी समाज में रोष व्याप्त है।

इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल द्वारा की गई आपत्तिजनक एवं अशोभनीय टिप्पणी को गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जावे तथा यह भी सुनिश्चित किया जावे की भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

ज्ञापन एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी को सौंप गया इस दौरान श्री राजस्थानी मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया, राजस्थान विवाह भवन ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रवीण बजाज, महिला मण्डल अध्यक्ष हंसा खण्डेलवाल सपना सरावगी सहित पवन बजाज अजय खण्डेलवाल विजय सरावगी प्रमोद अग्रवाल किरतुका नीरज गोयल सतीश बजाज वेंकटेश गौर बिल्लू शर्मा संजय अग्रवाल अशोक भगेरिया जितेंद्र सिंघानिया सोमित गोयनका प्रकाश भौमिया नितिन पुरोहित राजीव सराफ़ शैलेन्द्र गौर राहुल बजाज आदि उपस्थित रहे।

## लक्ष्मीबाई तिराहा स्थित सामुदायिक भवन में चल रही श्रीमद भागवत कथा

# भगवान की ऐसी महिमा है कि उनके स्मरण से सांसरिक बंधनों से मुक्त हो जाते हैं प्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अपने मन एवं वाणी को शुद्ध एवं प्रसन्नचित करने के लिए सर्वथा भागवत योग बनाने के लिए हम सब भगवान के नाम का आश्रय ले । क्योंकि हमारे जीवन में उपाय तो बहुत सारे हैं भगवान के पास जाने का भगवान के नजदीक जाने का लेकिन जैसे सहजता से सरलता से भगवान के नाम का स्मरण करके भगवान के प्रिय हो सकते हैं वैसा कोई उपाय नहीं है भगवान का नाम ऐसा है भगवान का स्वरूप ऐसा है भगवान की महिमा ऐसी है अगर हम उनको केवल याद करें यदि उनका हम स्मरण भी करते हैं तो समस्त संसार के बंधनो से मुक्त हो जाते हैं तो भगवान के नाम का जाप करना है भगवान के स्वरूप का स्मरण करना है।

उक्त आशय के विचार अयोध्या धाम के आचार्य श्री श्रीवत्स महाराज ने महारानी लक्ष्मीबाई तिराहा एमजीएम गली मोहन टाकीज के पीछे स्थित नगर निगम सामुदायिक भवन में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस व्यक्त किए ।

कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा से हुआ जिसमें फूलों से सुशोभित रथ में महाराज विराजमान थे यजमान रानी शर्मा द्वारा भागवत कथा के पुस्तक को सिर पर रखकर कलश शोभायात्रा के आगे आगे चल रही थी शोभा यात्रा सिविल लाइन ब्रह्माकुमारी प्रांगण से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल सामुदायिक भवन पहुंची । तत्पश्चात कथा वाचक श्री श्रीवत्स महाराज ने वैदिक मंत्रोउच्चारण और विधिवत पूजा अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ किया । आचार्य श्री श्रीवत्स महाराज ने आगे कहा कि भक्ति से ज्ञान वैराग्य पैदा होता है संसार में पुण्य कार्य करना चाहिए पुरुषार्थ प्राप्त करने के लिए भगवान की आराधना करनी चाहिए जिससे भक्ति में वृद्धि होती है भक्ति रूपी तत्व के जीवन में आने पर व्यक्ति का आत्म बल बढ़ने लगता है तथा प्रभु की कृपा होती है भागवत कथा कथाओं का एक संग्रह मात्रा नहीं है बल्कि यह भक्ति ज्ञान और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाली एक दिव्य यात्रा है ।

## चातुर्मास निष्ठापन महोत्सव पर्व पर 3 दिवसीय कार्यक्रम



पदम सागर महाराज का चार्तुमास निष्ठापन महोत्सव पर्व पर 03 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष- सि.पंचम जैन ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये बतलाया कि आाचार्य श्री जी का 54 वॉ आचार्य पदारोहण दिवस एवं निष्ठापन हेतु श्री 1008 शांतिनाथ महामण्डल विधान 07 नवबंर को प्रात: 7 बजे बड़े मंदिर जी में नित्य पूजा अभिषेक, शांतिधारा, प्रात: 8 बजे, आचार्य पदारोहण दिवस पर 108 मंत्रों के उच्चारण द्वारा चरणभिषेक, आचार्य श्रीजी का पूजन एवं आचार्य छत्तीस का विधान शाम 7 .30 बजे कल्याण मंदिर विधान के अवसर पर 44 दीप प्रज्जवलन एवं 36 दीपकों द्वारा महाआरती का आयोजन के साथ 8 नवबंर को प्रात: नित्य पूजा अभिषेक,शांतिधारा एवं शांतिविधान के साथ विश्व शांति महायज्ञ के पश्चात प्रात: 10 .00 बजे कीर्ति स्तंभ में विराजित जिन बिम्बों का निष्ठापन 9 नंम्बवर को दोपहर 1.00 बजे जैन मीडिल स्कूल में विशाल पिच्छिका परिवर्तन का आयोजन किया जा रहा हैं कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हचारी लल्लन भैया एवं मोनू भैया द्वारा किया जायेगा। श्री 1008 पाश्र्वनाथ दिग .जैन बड़े मंदिर में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का भव्य आयोजन श्रद्धालुजनों द्वारा किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों को किया जागरूक, बहकावे में नहीं आए, बैड टच पर जोर से शोर मचाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों को गुड टच, बैड टच सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। अनोखे अंदाज में बच्चों को जानकारियां देते हुए थाना प्रभारी श्री चौबे ने उन्हें समझाया कि अगर कोई लालच दे तो उसके बहकावे में बिल्कुल ना आए। अगर कोई बुरी नीयत से टच करता है तो उससे दूर हटे और जोर से शोर मचाए। श्री चौबे की यह बातें बच्चों ने बड़े ही रोचक तरीके से सुनी और उसका अनुसरण करने के लिए भी उन्हें प्रेरणा मिली।

आपको बता दें कि मुस्कान विशेष अभियान के तहत प्रदेश स्तर से 1 नवंबर से 30 नवंबर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं स्लिमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने संत कबीर शिशु मंदिर ढीमरखेड़ा में विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

### दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

इस दौरान उन्होंने स्कूल में मौजूद सैकड़ो बच्चों को मनमोहक अंदाज में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की बच्चे भी थाना प्रभारी की बातें बड़े गौर से सुनते और तालियां बजाते दिखाई दिए।

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में मधई मंदिर से प्रारंभ होगी भव्य शोभायात्रा

# शोभायात्रा एवं जुलूस के साथ श्री बजरंग बली कटाये घाट मेले का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री बजरंग कटाये घाट मेले का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार सहित जनप्रतिनिधियों, निगम पार्षदों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में बुधवार 5 नवंबर को दोपहर तीन बजे से मघई मंदिर से श्री बजरंगबली जी की भव्य शोभायात्रा के साथ किया जायेगा। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक, झंडा बाजार आजाद चैक मिशन चैक से होते हुए कटाये घाट पहुंचेगी, जहां श्री बजरंग बली जी की प्रतिमा स्थापना के साथ ही मेले का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नागरिकों के मनोरंजन को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष मेला आयोजन हेतु विशेष तैयारियां की जाकर रोजाना विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूंद प्रतियोगिताओं सहित कृष्ण रासलीला, दिवारी नृत्य, सुंदरकांड, दंगल, लेजर शो, गंगा आरती व अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष आयोजित मेले के दौरान विशेष टेंट एवं डेकोरेशन के प्रयास किये गए है। मेला स्थल पर अजमेर से पहुंचे इरफान खान द्वारा लगाए गए लगभग 45 फुट के नाव झूला, गोल झूला सहित चकरी झूला एवं जंपिंग झूला का मेले में पहुंचने वाले नागरिकण आनंद प्राप्त कर सकेंगे। वहीं विभिन्न सामग्रियों एवं खाद्य पदार्थो की दुकानें भी मेला स्थल पर लगाई जाएंगी।

श्री बजरंग बली कटाएघाट मेले के सफलतापूर्ण आयोजन हेतु निर्धारित कार्यक्रमों के तहत 6 नवंबर से 8 नवंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे से नगर के विभिन्न शालाओं के छात्र -छात्राओं द्वारा एकल गायन, निबंध प्रतियोगिता एकल रिकार्ड नृत्य, सामूहिक नृत्य एवं फैंसी ड्रेस, विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। वहीं नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागों की प्रदर्शनी व स्टॉल भी लगाए जाएगें।

श्री बजरंग कटाये घाट मेले के दौरान दोपहर 1 बजे से सायंकाल 5 बजे तक तीन दिवसीय आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के तहत 6 नवंबर को खो-खो प्रतियोगिता, 7 नवंबर को वालीबाल प्रतियोगिता तथा 8 नवंबर को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। मेला आयोजन का नागरिक गण भरपूर आनंद प्राप्त कर सकें इस हेतु 6 नवंबर से 8 नवंबर तक सायंकाल 5:30 बजे से 8 बजे तक विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों कृष्ण रासलीला, दिवारी नृत्य, सुंदरकांड पाठ, दंगल, लेजर शो, गंगा आरती के अलावा महिलाओं के कार्यक्रम सहित लघ्यु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 9 नवंबर को सायंकाल 3:30 बजे से पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह होगा।

## बीजोपचार, मृदा उपचार, कीट एवं रोग नियंत्रण संबंधी दिये सुझाव

# चने की उन्नत खेती के लिए कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसान कल्या ण तथा कृषि विकास विभाग ने चने की उन्नलत खेती के लिये किसान भाइयों को समसामयिक सलाह प्रदान की है। इसमें बीजोपचार, मृदा उपचार एवं कीट व रोग नियंत्रण के संबंध में सुझाव दिये गये हैं।

बोनी के 1 घंटे पूर्व बीज का बीजोंपचार करें। सबसे पहले फफूदीनाशक दवा कार्बेन्डाजिम 50% डब्यूपचा पीसे 2.5 से 3 ग्राम प्रति किलो बीज से बीजोपचार करें। इसके लिए 1 हेक्टेयर हेतु आवश्यक बीज 75 किलोग्राम बीज में 200 ग्राम कार्बन्डाजिम फफूदीनाशक दवा डालें, बीज में दवा डालने से पूर्व बीज में कुछ पानी छिड़क ले फिर दवा डालकर हाथ से मिलाये ताकि बीज में फफूदीनाशक दवा की एक परत चढ़ जावे। 5 से 10मिनट बाद बीज को कीटनाशक दवा थायोमेथॉक्साम 30% एफएससे 3-5 एमएलप्रति किलो बीज की दर से 75 किलो बीज के उपचार हेतु 250एमएलदवा बीज में मिलावे एवं अच्छी तरह से मिलाकर बीज को सुखा ले। इस प्रकार बीज में कीटनाशक दवा की दूसरी परत चढ़ जावेगी। बीजोंपचार करते समय हाथ में ग्लव्स या पन्नी पहन ले। इसके बाद बीज को 5-5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बायोफर्टिलाइजर कल्चर (राइजोबियम, पीएसबी) से उपचारित करें। इस हेतु बीज को कीटनाशक दवा से उपचारित करने के 5 से 10 मिनट बाद 75 किलोग्राम बीज में 400 एमएल प्रति ग्राम राइजोबियम कल्चर, पीएसबीकल्चर आधा लीटर पानी में 100 ग्राम गुड़ घोलकर बीज में छिडकर हाथ से मिलावें, ताकि बीज में कल्चर की तीसरी पर चढ़ जावे। इसके 10 मिनट बाद 4-5 एमएलप्रति किलो बीज की दर से 375 एमएलनैनो डीएपी 75 किलो चना बीज में मिलाये इस प्रकार नैनो डीएपी की परत चढ़ जायेगी। इस प्रकार बीज उपचार करने से अंकुरित पौधों की जड़े मजबूत होगी। किसी भी प्रकार के जड सड़न रोग एवं उखटा रोग कीटों से 20 से 25 दिन तक पौधों की सुरक्षा हो जाएगी।

चना में उकठा रोग एवं अन्य जड़ सड़न रोगो से बचने के लिये एवं पौधो की जड़ो को अच्छे विकास के लिए 34 दिन पूर्व 50 से 100 किलोग्राम अच्छीसड़ी गोबर की खाद को छायादार स्थान में रखकर 1 किलोग्राम ट्राइकोडर्मा एवं 1 किलोग्राम माइकोराईजा तथा शेष बचे हुये राइजोबियम एवं पीएसबी कल्चर को मिलाकर एवं पानी सीचकर बोरे से ढक कर रखे। प्रतिदिन पानी सीचकर ढके दें। इस प्रकार 3 से 4 दिन बाद पूरे 50 से 100 किलो खाद में ट्राइकोडर्मा, माइकोराईजा कल्चर फैल जायेगे। इसे बोनी के तुरत पहले खेत में बिखेर दें।

चने की बोनी सीडड्रिल से 30सेमी से 45सेमीलाइन से लाइन एवं 10सेमीपौधों से पौधों की दूरी रखते हुए करनी चाहिए। सिंचित चना (2 पानी देने की सुविधा) में प्रति हेक्टेयर 20 किग्रानाइट्रोजन + 60 किग्राफास्फोरस +20 किग्रापोटेशियम की आवश्यकता होती है। चने में सभी उर्वरकों की पूरी मात्रा बुवाई के समय सीडड्रिल से बोनी के समय साथ में उपयोग करें। इस अनुशंसित मात्रा की पूर्ति के लिए नैनो डीएपी से बीज उपचार के बाद प्रति एकड़ 30 किलो डीएपी एवं लगभग 15 किलोग्राम म्यूरेट आफ पोटाश उपयोग होगा या नैनो डीएपी बीज उपचार के बाद 2 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट दानेदार, 20 किलोग्राम यूरिया एवं 15 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति एकड़ प्रयोग होगा या नैनो डीएपी से उपचार के बाद प्रति एकड 30 किलोग्राम 20:20:0:13 (एनपीकेएस), 1 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट दानेदार एवं 15 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश का प्रयोग होगा।

चने की अच्छी पैदावार लेने के लिए चने की फल्ली भेदक इल्ली कीट के प्रकोप से नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवा इमामेक्टिन बेन्जोयेट 5% एसजीकी 100 ग्राम दवा को 150 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करें। आवश्यकता अनुसार छिडकाव दोहराया जा सकता है। अंतरवर्ती फसल चने के साथ हर 10 लाईन के बाद दो लाईन सरसों और धनिया लगाने से कीटो का नियंत्रण होता है।

# भुगतान नहीं होने से समिति के साथ समूह की महिलाए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासन प्रशासन की मंशा अनुसार स्व सहायता समूह के महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न दायित्व दिए जाते हैं जिससे समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुंचे। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्व सहायता समूह के माध्यम से उपार्जन का कार्य दिया जाता है गेहूं उपार्जन में संलग्न स्व सहायता समूह की महिलाए एवं समितियां के द्वारा जो भी उपार्जन किया गया था उसके कमीशन का भुगतान न होने के कारण समितियां के साथ-साथ स्व सहायता समूह की महिलाएं भी परेशान है।

### समस्याओं का सामना

उपार्जन के 6 माह बीत जाने के बाद भी कमीशन के भुगतान न होने के कारण महिलाओं को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम में समिति एवं स्व सहायता समूह द्वारा गेहूं उपार्जन के बिल लगा दिए गए थे लेकिन आज दिनांक तक उनका भुगतान नहीं किया गया वर्तमान में दो दो त्यौहार दशहरा और दिवाली का गुजर गया लेकिन भुगतान नहीं किया गया अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा था की दशहरे के बाद भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन दिवाली बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है।

### अब तक नहीं हुआ भुगतान

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा तहसील में उपार्जन हेतु समिति के साथ-साथ तीन स्व सहायता समूह द्वारा उपार्जन का कार्य किया गया था लेकिन अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने गत सोमवार की रात्रि में शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पन्ना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान छात्रावास परिसर, शौचालय एवं बाथरूम में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और छात्राओं द्वारा समक्ष में की गई शिकायत के आधार पर एवं छात्रावास अधीक्षिका कृष्णा सोनी द्वारा संतुष्टिपूर्ण उत्तर नहीं देने पर अधीक्षिका को छात्रावास के दायित्व से पृथक कर शासकीय जनजातीय बालक आश्रम धनगढ़ में शैक्षणिक कार्य के लिए पदस्थ किया गया। शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास क्रमांक 5 पन्ना की अधीक्षिका वंदना पटेरिया को आगामी आदेश तक छात्रावास का प्रभार सौंपा गया है। जिला कलेक्टर ने छात्रावास में निवासरत छात्राओं के साथ संवाद कर शैक्षणिक एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की जानकारी भी ली।

### सुबह व शाम अंधेरे में सैर पर जाने वालों तथा बच्चों पर मंडराता है खतरा

# नगर में आवारा कुत्तों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में लावारिस कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ने से गंभीर चिंता पैदा कर दी है यह कुत्ते आमजनों के लिए खतरनाक सिद्ध हो रहे हैं। कुत्तों को मारने पर प्रतिबंध लगने के बाद, हर साल इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिसके परिणाम स्वरूप अब यह आवारा कुत्ते झुंड बनाकर गलियों चौराहों में विचरण कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुत्तों के ये झुंड बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। पूर्व में भी हटा नगर में कुत्तों के काटने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें मासूम बच्चों और बछड़ों सहित अन्यों को कुत्तों ने काटा था। इतना ही नहीं रात के समय ये कुत्ते बाइक चालकों पर भी अचानक हमला कर देते हैं वहीं सुबह सूर्योदय के पहले तथा शाम के बाद अंधेरे में कई नागरिक सैर के लिए जाते हैं। तो झुंड में स्ट्रीट डॉग्स उन पर भोंकते हैं। नागरिकों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अकेला हो तो उस पर हमले की भी संभावना बन जाती है। सुबह सैर पर जाने वालों को भी अब यह डर सताने लगा है कि झुंड में घूमते आवारा श्वान कहीं हमला न कर दें। लोगों का मानना है कि कुत्तों की बढ़ती संख्या और खाने के अभाव के चलते ये अब झुंड बनाकर शिकार करने की कला सीख - रहे हैं, जो उनकी आक्रामकता को और बढ़ा रही है। इस स्थिति के कारण इंसानों और मवेशियों में रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इस गंभीर समस्या पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय लोगों ने पशु चिकित्सा विभाग और नगर पालिका से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। नगर के लोगों की मुख्य मांग है कि कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर पालिका स्तर पर कैम्प लगाकर बधियाकरण अभियान चलाकर लगाम लगाई जाए या। इन्हें पड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की कार्यवाही शीघ्र नगर पालिका प्रशासन कराए।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की विशिष्ट उपस्थिति में ग्रामीण रोजगार संस्थान दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं हेमन्त कुमार प्रबंधक अग्रणी बैंक, सुधीर नामदेव, देवेन्द्र सोनी, अशोक सोनी एवं राजेन्द्र प्रसाद चौरसिया एसबीआई आरसेटी स्टॉफ सम्मिलित हुए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संविधान में महिलाओं के लिये निर्मित मूलभूत कानून के बारे में जानकारी दी, तथा विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओं की महत्ता को समझाया। आपने पुरूषों को यह सलाह दी कि वे स्त्री वर्ग से इस प्रकार का व्यवहार ना करें कि उन्हें कोर्ट जाने की आवश्यकता हो, क्योंकि स्त्रियों से ही यह संसार चल रहा है सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी कला तथा योग्यता का विकास करके अपने क्षेत्र में निरंतर आगे बढने की सलाह दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ति प्रतिकर, पाक्सो अधिनियम,

# विधायक ने पेंटिंग प्रतियोगिता का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय प्रधानमंत्री ज्ञानचंद श्रीवास्तव महाविद्यालय पी.जी. कॉलेज में चल रही विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता का निरीक्षण करने आज पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया पहुंचे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत ने बताया कि यह कार्यक्रम उन्मुक्त सृजन कल्याण समाजसेवी संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य है कि शहर की खाली दीवारों को सुंदर चित्रों से सजाकर दमोह को स्वच्छ, आकर्षक और कलात्मक स्वरूप प्रदान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री मलैया ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा दमोह को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आपके सुझाव और रचनात्मकता बेहद महत्वपूर्ण हैं। अपनी कला से शहर की पहचान को निखारें। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य आलोक जैन, डॉ. मीरा माधुरी महंत, मोंटी रैकवार, राहुल पाठक, विकास जैन, धर्मेन्द्र राय सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जेल में आज से पंच-दिवसीय रामकथा का आयोजन

**दमोह।** जिला जेल दमोह में बंदियों के बीच आध्यात्मिक भावना जागृत करने के उद्देश्य से पंच दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 5 नवम्बर से 10 नवम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पं. पूज्य राघव प्रिया जी महाराज (चित्रकूट धाम) अपने श्रीमुख से प्रवचन देंगे। जेल अधीक्षक ने बताया कि कथा कलश यात्रा 5 नवम्बर को दोपहर 1 बजे जेल परिसर स्थित शिव-शनि मंदिर से कथा स्थल तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात 5 से 9 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्री रामकथा का प्रवचन होगा। कार्यक्रम का समापन 10 नवम्बर को हवन, पूर्णाहुति, कन्या भोजन एवं भण्डारा के साथ किया जाएगा।

# पेंशनर्श एसोशियन ने की समय पर महगाई भत्ता भुगतान करने की मांग

**हिण्डोरिया।** नगर पेंशनर्स एसोसिएशन उप तहसील शाखा हिंडोरिया की मासिक बैठक डीपी चौरसिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम को 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। अतः बैठक मे निर्णय लिया गया कि पुनर्गठन की धारा 49 (6) को समाप्त करने हेतु मध्य प्रदेश शासन से ये अनुरोध किया जाए की नियमित कर्मचारियों के साथ ही हम पेंशनरों को भी महंगाई भत्ते का भुगतान समय पर किया जाना चाहिए। बैठक मे और भी आवश्यक मुददो पर भी विमर्श हुआ।बैठक में शाखा उपाध्यक्ष हाजी नवाब खान आरआई, शिक्षक राम अवतार वर्मा, कोषाध्यक्ष अमृत लाल अहिरवार, सचिव मुस्ताक खान, जिला प्रतिनिधि धनीराम चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# नर्सिंग ऑफिसर की बाइक चोरी, सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई वारदात, सुरक्षा पर सवाल

**दमोह।** जिला अस्पताल परिसर से रविवार दोपहर नर्सिंग ऑफिसर की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है घटना के बाद से अस्पताल प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गए हैं वहीं अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर सुनील पटेल ने अपनी मोटरसाइकिल एमपी 47 एमएम नंबर की बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी की थी कुछ देर बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि बाइक गायब है उन्होंने तत्काल सिविल सर्जन और कोतवाली थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी और थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की पुलिस ने बताया कि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में थे फुटेज में एक संदिग्ध युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहा है जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पहचान और तलाश शुरू कर दी है फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके। नर्सिंग ऑफिसर सुनील पटेल ने कहा कि अस्पताल परिसर में दिनदहाड़े हुई चोरी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है उन्होंने कहा कि जहां मरीजों और परिजनों की भीड़ हर समय रहती है वहां वाहनों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त निगरानी जरूरी है। घटना के बाद सिविल सर्जन ने भी परिसर में सुरक्षा को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को हर संभव सहयोग देने की बात कही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में वाहनों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# जब बीएलओ आपके घर आए, उन्हें सहयोग प्रदान करें

## मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ, 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार म.प्र में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन (House-to-House Enumeration) किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (BLO) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता. आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्य-प्रदेश संजीव झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और EPIC नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। यह ध्यान देने योग्य है कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा। दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ERO) अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ माँगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे, अतः नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें। घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप (Draft) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने कडे दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

# विद्यालय में लगाई यातायात नियमों की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

यातायात पुलिस द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में लगाई गई यातायात नियमों की पाठशाला। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा पीएम केन्द्रीय विद्यालय दमोह में जाकर छात्र/छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों से अवगत कराया गया। विवरण जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को सजग करने हेतु एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु श्रुतकीर्ति सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा दिनांक 04.11.2025 को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दमोह में यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान उपस्थित स्कूल के करीब 1200 छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, 18 वर्ष से पूर्व बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलाने, इंमरजेंसी वाहनों को सदैव रास्ता देने, चार पहिया वाहन में सीट वेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठने, राहवीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर में नजदीकी अस्पताल/ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने तथा सड़क पर चलने के तरीके एवं यातायात नियमों का पालन करने एवं कराने की समझाईश दी गई। उपस्थित स्कूली छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ को यातायात जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया। साथ ही दो पहिया वाहन से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलाने की पृथक से समझाईश दी गई। अभिभावको से अपील है कि अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने हेतु न दें।

# ब्राह्मण दान लेता है पर भिक्षा नही माँगता, ब्राह्मण धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने तक के लिए भी तैयार रहता है: पं. रवि शास्त्री

**दमोह.** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित राजा पटना बैंक के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने श्री सुदामा जी का चरित्र सुनते हुए कहा कि वह वाणी धन्य है जो भगवान का गुण वर्णन करती है वही हाथ सच्चा हाथ है जो भगवान की सेवा करता है वही सच्चा मन है जो जड चेतन सभी मे परमात्मा का दर्शन करता है वही कान सच्चे है जो भगवान की पवित्र कथाओ को श्रवण करते है राजा परीक्षित शुकदेव जी महराज से कहते है गुरुदेव वैसे तो भगवान के अनन्त नाम है मुझे इनका एक नाम बहुत पसन्द आया वह है दीनबन्धु महराज भगवान का यह नाम क्यूँ पडा क्या भगवान कृष्ण ने किसी दीन हीन को भी अपना बन्धु बनाया था क्या श्री शुकदेव जी महाराज को सुदामा जी याद आ गये राजा परीक्षित को कथा श्रवण कराते समय श्री शुकदेव जी महराज दो बार समाधिस्थ हो गये थे एक ब्रह्मा मोह लीला मे दूसरी बार सुदामा का प्रसंग आने पर बचपन के दो मित्र गुरुकुल से बिदा होने के बाद अलग अलग राह पर चल पडे एक मथुरा और उसके बाद द्वारिकाधीश बन गये दूसरे घर गृहस्थी बसा करके भगवान के परम भक्त बन गये परमभागवत श्री सुदामा जी का पावन परिचय देते समय श्री शुकदेव जी महराज कहते है कि राजन भगवान कृष्ण के परम प्रिय अभिन्न हृदय मित्र श्रीसुदामा जी महराज है श्री शुकदेव जी महराज ने सुदामा के लिये इतने विशेषता के विशेषण गिना दिये कि मूल परिचय देना ही भूल गये न नाम बताया न काम बताया ना धाम बताया केवल उनकी विशेषता बतायी कैसे है सुदामा ये ब्रम्ह बेत्ता ब्राम्हण है परम श्रेष्ठ ब्रम्हज्ञानी है इन्द्रियो के विषयो से एकदम विरक्त रहने वाले ब्राम्हण है जिसका चित्त कभी अशान्त नही होता वह ऐसे प्रशान्त आत्मा है इतने पर भी सन्तुष्टि नही हुई तो जिसकी इन्द्रिया सर्वथा उसके वशीभूत हो इतना सुन्दर परिचय दिया है, भागवत जी का सूत्र है जो असन्तुष्ट रहता है वही दरिद्र है सुदामा जी तो प्रत्येक परिस्थित मे सन्तुस्ट है भोजन प्रसादी मिला तब भी नही मिला तब भी ,कुछ है तब भी घर मे फांके है तब भी पर जो गृहलक्ष्मी होती है उसे आपकी भी चिन्ता होती है बच्चो की भी चिन्ता होती है सुशीला को घर की चिन्ता लगी रहती थी घर की आवश्यकताओ से चिंतित रहती थी दोनो का जीवन किसी तरह से चल रहा था सुदामा जी का जीवन यापन का एकमात्र आसरा था खेतो मे कटाई के बाद गिरे हुये दानो को बीनकर गुजारा करना सुदामा जी ने कभी भिक्षा नही माँगी ब्राम्हण दान लेता है पर भिक्षा नही माँगता भिक्षा माँगने वाले के अन्दर ब्राम्हणत्व नही रह जाता सुदामा जी का नियम था सुबह से शाम तक हरि भजन करना खेतो मे जाकर शिलावृत्ति करना एक बार कई दिनो तक घर मे अन्न का एक दाना भी नही रहा कभी जल पीकर कभी कुछ प्राकृतिक फल को खाकर गुजारा कर रहे थे एक दिन रात्रि मे सुदामा जी लेटे है सुशीला उनके पैरो को दबा रही है और आज अचानक सुदामा जी ने अपनी और अपने बचपन के सखा की कथा अपनी पत्नी को बताने लगे सुदामा जी अपनी पत्नी सुशीला से कहते है प्रिये जब हम बचपन मे पढते थे तो मेरी मित्रता एक राजकुमार से हुई पहले तो मुझे मालुम नही था लेकिन बाद मे पता चला कि वही मेरे आराध्य देव है वो इतने बडे घर के राजकुमार और मै एक गरीब ब्राम्हण लेकिन उन्होने कभी मुझे गरीब होने का अहसास नही होने दिया गुरु जी जो भी कार्य करने के लिये कहते वे मेरे हिस्से का भी कार्य कर देते थे तुम जानती हो हम जिनकी सुबह शाम आराधना किया करते है वह जगदीश्वर आजकल द्वारिकाधीश बने है मुझे अभी भी विश्वास है कि अगर इतने दिनो बाद भी मिले तो वो मुझे वही सम्मान देंगे जो गुरुकुल मे मुझे दिया करते थे मुझे उनकी एक बात सदा याद रहती है कुछ भी हो जाय बिना मुझे भोजन कराये वो कभी भोजन नही करते थे आज जैसे ही सुदामा जी ने भोजन की चर्चा की सुशीला सोचने लगी आज चार दिन हो गये घर मे अन्न का दाना भी नही है आजकल फल का भी मौसम नही चल रहा है बच्चे भूँख से व्याकुल थे किसी तरह पानी पिलाकर बहलाकर सुलाया मै भूखी रह सकती हुँ पतिदेव एवं बच्चो की भूख मुझसे देखी नही जाती कुछ भी हो संसार मुझे दोष देता है तो दे परन्तु आज मै पतिदेव को द्वारिका जाने के लिये कहूँगी सुशीला ने कहा स्वामी क्या आपको अपने बचपन के मित्र से मिलने की इच्छा नही होती सुदामा ने कहा सच बताऊँ देवी आज भी मुझे पूरे दिन सिर्फ और सिर्फ उसकी याद आती है सुशीला ने कहा स्वामी तो जाइये न एक बार उनसे मिल आइये सुदामा ने कहा देवी मै प्रतिदिन जब पूजन मे बैठता हुँ तो आँखे बन्द करके उनसे मिल लेता हूँ फिर सुदामा जी द्वारिका गए और भगवान की कृपा का पात्र बने।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ

### यह प्रक्रिया 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 4 दिसंबर तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत आज से की गई है। इस कार्य के तहत जिले के 88 मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर गणना प्रपत्र (फार्म) का वितरण कर रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस कार्य में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), उप-जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मैं स्वयं तीन गांवों में जाकर मतदाताओं को अपने हाथों से फार्म वितरित कर आया हूं। ये फार्म मतदाताओं द्वारा भरकर हमें वापस दिए जाएंगे, जिसके बाद उनका संकलन किया जाएगा। यह प्रक्रिया 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 4 दिसंबर 2025 तक चलेगी। इसमें 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति वाली मतदाता सूची को वर्ष 2003 की सूची से लिंक किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया यह कार्य 22 वर्षों में पहली बार किया जा रहा है। अंतिम बार यह प्रक्रिया वर्ष 2003 में संपन्न हुई थी। इस पुनरीक्षण के तहत यह जांच की जाएगी कि जो व्यक्ति 2025 में किसी क्षेत्र का मतदाता है, क्या वह 2003 में भी मतदाता था, और यदि हां, तो किस जिले या राज्य के मतदान केंद्र में उसका नाम दर्ज था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता का नाम 2003 और 2025 दोनों सूचियों में पाया जाता है, तो दोनों सूचियों को आपस में जोड़ा जाएगा, जिससे मतदाता की पहचान और पंजीकरण प्रक्रिया और अधिक सटीक व पारदर्शी बनेगी।

# आधी रात को हुआ हरि-हर मिलन, सृष्टि की सत्ता सौंपने का अद्भुत नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बैकुंठ चतुर्दशी की पावन रात्रि में जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में वह अलौकिक दृश्य देखने को मिला जब भगवान जागेश्वर नाथ महादेव ने सृष्टि की सत्ता भगवान विष्णु को सौंप दी मध्य रात्रि में हरि और हर के दिव्य मिलन का यह दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे पूरा धाम हर हर महादेव और जय श्रीहरि के जयघोष से गूंज उठा। रात करीब 12 बजे मंदिर के कपाट खुले पूजन और आरती के बाद गर्भगृह में स्वयंभू दिव्य शिवलिंग भगवान जागेश्वर नाथ के समक्ष पीतल की भगवान विष्णु प्रतिमा विराजमान हुई और सृष्टि का भार हस्तांतरित करने की प्राचीन परंपरा निभाई गई। इसे हरि-हर मिलन कहा जाता है जो शिव और विष्णु के सौहार्द और सृष्टि संतुलन का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु राजा बलि के यहां पाताल



लोक में विश्राम करते हैं इस दौरान सृष्टि के पालन का कार्य भगवान शिव के पास रहता है बैकुंठ चतुर्दशी की इस रात्रि को भगवान जागेश्वर नाथ महादेव द्वारा सृष्टि की सत्ता हरि को सौंपने की परंपरा उसी दिव्य क्षण का प्रतीक है। जागेश्वर नाथ धाम के प्रबंधक राम कृपाल पाठक ने बताया कि मंदिर में यह अनुष्ठान उज्जैन महाकाल मंदिर की तर्ज पर होता है जहां भगवान हर और हरि का प्रतीकात्मक मिलन कराया जाता है भगवान शिव को विष्णु के प्रिय तुलसी दल अर्पित किए जाते हैं वहीं भगवान विष्णु को शिव के प्रिय बिल्वपत्र का भोग लगाया जाता है यह परंपरा वैष्णव और शैव परंपरा के समन्वय का दिव्य संदेश देती है। बांदकपुर धाम में आधी रात को सृष्टि सत्ता हस्तांतरण का यह अद्भुत दृश्य देखने हजारों श्रद्धालु पहुंचे मंदिर परिसर में जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा चारों ओर दीपों की ज्योति और शंखनाद से गगन गुंजायमान हो गया श्रद्धालु इस अलौकिक क्षण के साक्षी बन भावविभोर हो उठे।

# जुआ फड़ पर कार्यवाही, पांच स्कूटी व एक कार जब्त



**दमोह।** कोतवाली दमोह पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 10 जुआरियों से, नगदी, 11 मोबाइल, 05 स्कूटी, 01 कार जप्त कर जुआ एक्ट के तहत कर मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा अवैध जुआ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 03.11.25 की रात्रि में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पांडे दमोह के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में एस. एस. पटैल के घर के सामने रेड कार्यवाही कर 10 जुआरियो पर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 393100/- रूपये नगद एवं 52 ताश पत्ते, 11 मोबाइल, 05 स्कूटी, 01 कार कुल कीमती 2318100/- रुपये का मशरूका जप्त किया गया उक्त जुआरिआनो के विरूद्ध थाना कोतवाली मे अप.क्र. 874/2025 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपी संजय चक्रवर्ती, राजू राय, एफाज खान, मनीष अवस्थी, मनीष जाटव, अभिषेक ठाकुर, मोनू गोरी, महेन्द्र मिश्रा, दीपचन्द्र अग्रवाल, एस.एस. पटैल पर मामला पंजीबद्ध किया है। निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम में प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, महेश यादव, देवेन्द्र रैकवार, अजीत दुबे, आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आयुष मिश्रा, कृष्णकांत व्यास आदि शामिल रहे।

### बदबू और मच्छरों से लोग हुए परेशान

# पाइपलाइन लीक होने से कई घरों में घुस रहा गंदा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर के पोड़ी तिराहा के सामने गांव के प्रमुख मार्ग में जल निगम की लापरवाही से भूमिगत पेयजल पाइप लाइन कई स्थानों से फट गई है। इससे लगातार पानी रिस रहा है, जिसके कारण गलियों और घरों के बाहर पानी भर गया है। गांव में जगह-जगह कीचड़, दुर्गंध और मच्छरों का जमाव हो गया है, जिससे ग्रामीणों का जीवन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रिसाव जल निगम वाली पाइप लाइन से हो रहा है।

उन्होंने बताया कि जल निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को बार-बार शिकायतें की गई हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन दिया जाता है और मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है। गांव की गलियों में भरे गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी राहुल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में बुखार, खांसी-जुकाम और त्वचा संबंधी संक्रमण के कई मामले सामने आए हैं। कई घरों के बच्चे और बुजुर्ग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि घर के आसपास पानी भरे रहने से दो पहिया चार पहिया वाहनों के निकलने से रास्ते का गंदा पानी और कीचड़ घरों के अंदर तक आ जाता हैं जिससे घरों में भी रह पाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण सीमा जी ने बताया कि उन्हें हर दिन घर से गंदा पानी निकालना पड़ता है और रस्ते पर चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय कर्मचारियों और ब्लॉक अधिकारियों से भी शिकायत की है।

पंचायत कर्मचारियों ने बताया कि जल निगम विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है, लेकिन जब तक विभाग की टीम मौके पर नहीं आती, तब तक स्थिति में सुधार संभव नहीं है। गांव के युवाओं ने एक बैठक कर निर्णय लिया है कि यदि अगले कुछ दिनों में पाइप लाइन की मरम्मत नहीं की गई, तो वे पोड़ी तिराहा मार्ग पर प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि अब उनका सब्र टूट चुका है और अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई कर रहे हैं।

# वैदिक विधि से पुंसवन, नामकरण और गुरूदीक्षा संस्कार होना जीवन में जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं से ख़चाखच भरी यज्ञशाला में 2,000 से अधिक महिला पुरुषों ने राष्ट्र को समर्थ और सामर्थ्यवान बनाने के उद्देश्य से श्रद्धापूरित अतः करण से यज्ञ देवता को आहुतियां समर्पित की। गुरूवंदना और संक्षिप्त देवपूजन के बाद संस्कारों का क्रम प्रारंभ हुआ। पुंसवन, नामकरण, जन्मदिवस, यज्ञोपवीत और गुरुदीक्षा संस्कार की हृदय स्पर्शी व्याख्या करते हुए पंडित राजकुमार भृगु ने बताया कि पूर्व जन्मों के संचित संस्कारों के वशीभूत होकर मनुष्य अनचाहे कर्म करता रहता है और यदि मां के गर्भ में आते ही शिशु के संस्कारित करने का क्रम वैदिक विधि से करा दिया जाए तो शिशु के गर्भ ने रहते हुए ही आत्मा के पूर्व जन्मों के कुसंस्कारों को जड़ मूल से खत्म किया जा सकता है । इसी प्रथम संस्कार को पुंसवन संस्कार कहते है। नामकरण संस्कार भी उतना हो महत्वपूर्ण है, शिशु का नाम यदि ऐसा रखा जाए जिसके सुनने, बोलने से कुछ अच्छा लगता है तो स्वाभाविक रूप से शिशु अपने नाम को सार्थक बनाने का प्रयास प्रारंभ कर देता है। गुरुदीक्षा संस्कार की विस्तृत और वेद सम्मत व्याख्या करते हुए भृगु जी ने कहा कि जिस दिन से व्यक्ति अपनी इच्छा को सद्गुरु को समर्पित कर देता है उसी दिन से उसकी योगक्षेम गुरु उठाता है और उसकी आत्मिक और भौतिक प्रगति कराते हुए उसका परमात्मा से मिलन सुनिश्चित करा देता है। दोपहर में सैकड़ों युवतियों , महिलाओं को कन्या कौशल शिविर के माध्यम से जीवन को स्वर्णिम और सफल बनाने के जीवंत और सारगर्भित सूत्र समझाए गए। विधायक और पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया, पूर्व विधायक अजय टंडन ने भी इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शाम को आयोजित सहस्त्र वेदी दीपयज्ञ की अनोखी छटा ने पूरे क्षेत्र को जगमग कर दिया । अपने उद्बोधन में पंडित राजकुमार भृगु ने समाज की श्रेष्ठ प्रतिभाओं को युग निर्माण आंदोलन में अपनी प्रतिभा दिखाने आमंत्रित करते हुए कहा कि गुरुदेव की भविष्यवाणी अब सत्य होते दिखाई देने लगी है। शीघ्र ही सारी दुनिया की अगुआई भारत करते हुए दिखाई देने लगेगा। वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश सिर्फ हमारी संस्कृति ही देती है, जिससे सारी पृथ्वी के सद्भाव संपन्न व्यक्ति प्रभावित हो रहे है और आत्मसात भी कर रहे है। गायत्री परिवार ने बताया कि कल भी प्रातः 8 बजे से यज्ञ और संस्कारों का क्रम प्रारंभ होगा। प्रत्येक पारी में पूर्णाहुति होगी। पूर्णाहेतु के लिए नारियल भेला या साबुत सुपारी भी यज्ञ में समर्पित करने साथ ला सकते है।

# कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई छापामार कार्यवाही



**दमोह।** सैफी खाद बीज भंडार पथरिया की कृषक द्वारा डीएपी उर्वरक के अधिक रेट पर विक्रय की शिकायत की गई थी। शिकायत को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा तुरंत संज्ञान में लिया गया तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायत की जांच के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंच कर संपूर्ण प्रकरण की जांच की गई। शिकायत सही पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए दुकान एवं गोदाम पर उपलब्ध संपूर्ण रासायनिक उर्वरक को जप्त कर सील बंद किया गया एवं आगे की कार्यवाही की गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराई गई।

# कार्तिक मास में सुबह से महिलाओं द्वारा की जा रही विशेष पूजा अर्चना



**दमोह।** शहर स्थित श्री रासबिहारी मंदिर आमचोपड़ा में प्रतिवर्ष अनुसार कार्तिक महात्म की कथा के चलते हुए पुजारी पंडित शुभम तिवारी ने बताया है कि आंवला नवमीं (जिसे अक्षय नवमी भी कहते हैं) का पर्व आंवले के पेड़ की पूजा के लिए मनाया जाता है। क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन देवी लक्ष्मी ने भगवान विष्णु और शिव की एक साथ पूजा करने के लिए आंवले के पेड़ की पूजा की थी। इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने और आंवला खाने का विशेष महत्व है, जो सुख, समृद्धि और अच्छी सेहत लाता है। इस अवसर पर श्रीमति सरस्वती उपाध्याय,सुषमा चौबे, दीक्षा तिवारी, रजनी पाठक,तिवारी पटवारी आंटी, रितु यादव, नेहा यादव, पार्वती राय, देवा की मम्मी, पुष्पा लोधी, वंदना राय, सुषमा लोधी भागवती, बसन्ती विश्वकर्मा, संजना विश्वकर्मा,सावित्री लोधी, शांति राय, पिंकी राय, शुभम की मम्मी, अतुल की मम्मी रजनी,सुमन रजक,मोहिनी रजक, आस्था पाराशर, देविका की दादी,व समस्त महिला मंडल रास बिहारी मंदिर आम चोपड़ा मौजूद थी।

# महिलाओं ने लगाई गुहार शराब बंद कराइए साहब

**जबेरा/बनवार।** जनपद क्षेत्र की सिग्रामपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगपुर की महिलाओं ने मंगलवार को शराबबंदी की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचकर एसपी और कलेक्टर से गुहार लगाई महिलाओं ने बताया कि गांव में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है और शराब ठेकेदारों द्वारा भेजे गए गुंडे महिलाओं से गालीगलौज और मारपीट तक कर रहे हैं। महिला दसोदा बाई ने बताया कि 31 अक्टूबर और 2 नवंबर को गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर अवैध शराब बेचने वालों मुकेश धनगर और संतोष धनगर पर कार्रवाई की मांग की थी इसके बाद बेटू सिंह और देव सिंह को भी शराब बेचते हुए पकड़ा गया लेकिन आरोपियों ने महिलाओं के साथ गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी शिकायत सिग्रामपुर चौकी में दर्ज कराई गई, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांव की महिलाओं ने कहा कि "हमारे गांव में ग्राम पंचायत द्वारा पहले ही शराबबंदी का प्रस्ताव पारित किया गया है बावजूद इसके गुबरा कलारी के ठेकेदार द्वारा शराब भेजी जा रही है शराब लेकर आने वाले गुंडे महिलाओं को धमकाते हैं और डराते हैं"। महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी से मांग की कि गुबरा कलारी और शराब माफिया पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा सिंगपुर में पूर्ण शराबबंदी सुनिश्चित की जाए ताकि गांव की महिलाएं और बच्चे सुरक्षित रह सकें।

## औषधि निरीक्षक ने टंडन बगीचा स्थित दवा बाजार का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** औषधि निरीक्षक द्वारा टंडन बगीचा स्थित दवा बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामाकेम, श्रीनाथ फार्मा, आर.के. ट्रेडर्स एवं माया मेडिकोज की गहन जांच की गई। इस दौरान कोडीन युक्त एवं नारकोटिक श्रेणी की दवाइयों के क्रय-विक्रय की जांच की गई साथ ही अबॉर्शन किट की उपलब्धता एवं विक्रय की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आर.के. ट्रेडर्स से गुजरात टेरेस कंपनी की तथा माया मेडिकोज से नौकनील कंपनी की कुछ दवाओं के सैंपल जांच हेतु लिए गए। औषधि निरीक्षक ने सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया कि केवल लाइसेंसधारी व्यक्ति ही औषधियों का विक्रय करें अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों को गुमराह कर रही भाजपा सरकारः अमर सींग




**दमोह।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट के सामने जिले के किसानो को खाद बीज समय पर उपलब्ध न होने एवं समर्थन मूल्य न मिलने के कारण धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल से किसान विरोधी सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष दीवान अमर सींग ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा किसानो को कहा गया संबंधित विभाग खाद बीज की उपलब्धता उनकी पंचायतो के माध्यम से करायेगी किंतु ऐसा आदेश अबतक उन्हें जैसी जानकारी है अब तक किसी पंचायतो को नहीं मिला। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि किसानों के परिवार महिलाये बच्चे उनके रिश्तेदार तक लाइन में लगे हुए है किंतु लाइन में लगे लगे उन्हें भी निराशा हाथ में लगती है। रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, परम यादव, नितिन मिश्रा, डीपी पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विक्रम ठाकुर, शमीम कुरैशी, अजय जाटव, दिनेश रैकवार ने भी धरना को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के ही केन्द्र में कृषि मंत्री है किंतु जिस प्रकार उन्होनें प्रदेश में सीएम रहते हुए झूठ पर झूठ बोला उसी प्रकार वह केन्द्र में जाकर कर रहे है किसानों की आय दुगोनी तो दूर अब आय आधी रह गई है। इस अवसर पर दीवान चन्द्रभान सिंह, शत्रुघन सिंह, अमित बुधौल्या, पप्पू कुशवाहा, गोपाल रैकवार, मानक अहिरवार, सुनील सिंह, पप्पू काछी सहित अनेको किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहीं।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान में 528 अर्घ समर्पित

## आज 1056 अर्घ चढ़ाए जाएंगे, कल 111 शांति धारा एवं विश्व शांति महायज्ञ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**अष्टानिका** महापर्व के पावन अवसर पर नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मन्दिर जी में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ चल रहा है। 6 नवंबर तक चलने वाले विधान के सातवें दिने 528 अर्घ समर्पित किए गए। बुधवार को 1056 अर्घ चढ़ाए जाएंगे। श्री नन्हे मंदिर जी में चल रहे भक्तिमय अनुष्ठान में मंगलवार को प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री एवं ब्रह्चारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में प्रात श्रीजी के अभिषेक उपरांत शांति धारा संपन्न हुई। देव शास्त्र गुरू पूजन उपरांत श्री सिध्द यंत्र जी पूजन करके महापात्रों के साथ सभी श्रावकजनों ने विधान पूजन करते हुए श्री जी के समक्ष समोसारण में 528 अर्घ चढ़ाए। जिसका सौभाग्य सौधर्म इंद्र राजेंद्र अटल मनीषा भरत चक्रवर्ती संतोष अविनाशी परिवार श्रीपाल मैना सुंदरी चंद्र



कुमार अभिषेक खजरी परिवार आनंद लैब कुबेर इंद्र मुकेश अर्चना जैन खजरी महायज्ञ नायक परिवार सुनील बड़े राय यज्ञ नायक नवीन निराला उर्मिला जैन ईशान इंद्र परिवार मनीष आउटलुक सनत इंद्र परिवार पदमचंद रानू जैन खजरी द्रव्य पुण्यार्जक परिवार ध्वजारोहण करता रूपचंद जैन बनवार परिवार के साथ बारी बारी से सभी श्रावक जनों को प्राप्त हुआ। मंगलवार को श्री सेठ मंदिर जबलपुर नाका एवं सागर नाका जैन मंदिर से द्रव्य लेकर आए आसामियों श्रावक जनों का नन्हें मंदिर कमेटी द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात सभी ने समवशरण की परिक्रमा करके भक्ति करते हुए अर्घ समर्पित किये। इस अवसर पर अनेक श्रावकजनों ने श्री नन्हें मंदिर निर्माण कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए दो साल तक प्रति माह एक एक हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की। शाम की महाआरती का सौभाग्य कुबेर इंद्र परिवार आंनद जैन लैब को प्राप्त हुआ। उनके निवास से धूमधाम से महा आरती शोभायात्रा निकाली गई। शाम 7 से बजे मंदिर जी में भक्तांबर पाठ के साथ 48 दीप समर्पित किए गए। इसके बाद मंगलमय महा आरती संपन्न हुई। विधान व्यवस्था प्रभारी अमरदीप जैन लालू एवं मनीष बजाज ने बताया कि विधान के आठवें दिन बुधवार को सुबह 6 बजे से श्री जी का अभिषेक प्रारंभ होकर 7 बजे तक शांति धारा संपन्न हो जाएगी। महामंत्री राज कुमार रानू ने बताया कि गुरुवार को 111 शांतिधारा के पश्चात विश्व शांति महायज्ञ से विधान का समापन होगा। सकल जैन समाज से इस अवसर पर सपरिवार सहभागिता की अपील की है।